# नेहरू जैकेट

*यदि आप इसे सिलना सीखना चाहते हैं तो यह ट्यूटोरियल आपके लिए है।*



सामग्री की सूची

45 इंच चौड़ाई वाला 2 मीटर प्रिंटेड कपड़ा
45 इंच चौड़ाई वाला 2 मीटर अस्तर का कपड़ा
¼ मीटर कैनवास फ़्यूज़िंग
2 मीटर जैकेट की फ्यूज़िंग
नेहरू जैकेट का टेम्प्लेट जिसे आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं
बीडेड पिंस
चॉक
कैंची
हाथ की सुई
मैचिंग धागा





हम टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगाना और कपड़े को काटना, जेब तैयार करना और लगाना, फ्रंट और बैक के पीस को जोड़ना, अस्तर के कपड़े को तैयार करना, अस्तर के कपड़े को मुख्य कपड़े से जोड़ना और अंत में कॉलर तैयार करना और लगाना सीखेंगे।

## चरण 1: टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगाना और कपड़ा काटना



अपनी पसंद का कोई भी कपड़ा लें। कपड़े को पूरी तरह से खोलें और इसका उल्टा हिस्सा ऊपर करके बिछा दें। हमने समय बचाने के लिए मटेरियल को जैकेट फ्यूज़िंग से जोड़ा दिया है। अब www.ushasew.com से डाउनलोड किए गए टेम्प्लेट को कपड़े के ऊपर रखने का समय है। आइए जिस टेम्प्लेट पर फ्रंट लिखा है उस से शुरू करें, इन्हें कपड़े पर रखें। इन दोनो टेम्प्लेट को रख के पिन लगा दें। यह एक महत्वपूर्ण काम है क्योंकि यह टेमपलेट को कपड़े के ऊपर बनाये रखता है और निशान लगाना आसान बनाता है। ये करने के बाद, चॉक से कपड़े पर टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगा लें। घुमावदार किनारों पर ज्यादा ध्यान दें क्योंकि यह हमारे पैटर्न को बना या बिगाड़ सकता है।









इसके बाद टेम्प्लेट से पिन निकाल दें। सुनिश्चित करें कि आप बीडेड पिन को पिन कुशन में वापस रखें ताकि कोई चोट न लगे। पिन निकालने के बाद टेम्प्लेट को एक तरफ रख दें। कैंची लें और पीस काटना शुरू करें। धीरे-धीरे और ठीक से काटें। काटने के बाद फ्रंट के पीस को एक तरफ रख दें।





अब बचे हुए कपड़े पर फ्रंट के टेम्प्लेट का दूसरा सेट बायां और दायां दोनों रखें। इन टेम्प्लेट पर भी कुछ बीडेड पिन लगा दें। फ्रंट के मुख्य दाएं हिस्से से शुरू करें और दूसरे पीस तक लगाएं। पिन लगाने के बाद, चॉक से कपड़े पर टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगाएं। निशान लगाते समय घुमावदार किनारों पर ध्यान दें। निशान लगाने के बाद चॉक को एक तरफ रख दें और टेम्प्लेट से पिन निकाल दें। कैंची लें और लगाए गए निशान के अनुसार काट लें। छोटे पीस काटने थोड़े मुश्किल होते हैं, सुनिश्चित करें कि आपने टेम्पलेट्स के अनुसार सही से काटा है। काटे हुए पीस एक तरफ रख दें।






अब बचे हुए कपड़े को ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार फोल्ड करें और इसके ऊपर बैक का टेम्प्लेट रखें। ध्यान दें कि टेम्प्लेट के एक साइड पर ऑन-फ़ोल्ड लिखा है, सुनिश्चित करें कि आप इस साइड को कपड़े के फ़ोल्ड के ऊपर रखें। टेम्पलेट को कपड़े पर रख के बीडेड पिन लगा दें। और पिन लगाते समय सुनिश्चित करें कि पिन कपड़े की दोनों परतों से होकर जाए। ये करने के बाद, चॉक से कपड़े पर टेम्पलेट के अनुसार निशान लगा लें। धीरे-धीरे और सटीकता से निशान लगाएं। फिर टेम्प्लेट से पिन निकालें और इसे एक तरफ रख दें। टेम्पलेट के अनुसार लगाए गए निशान को कैंची से काट लें। आराम से बैक के पीस को काट लें। काटे हुए पीस को एक तरफ रख दें।







अब बचे हुए कपड़े को एक बार फिर से फोल्ड करें और इस पर कॉलर का टेम्प्लेट सीम अलाउंस के साथ रखें। इसे रख के दोनो सिरों पर पिन लगा दें। और चॉक से कपड़े पर इसके अनुसार निशान लगा लें। घुमावदार किनारे पर निशान लगाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है लेकिन अभ्यास से इसमे माहिर हो सकते हैं। इसके बाद टेम्प्लेट से पिन निकाल दें और इसे एक तरफ रख दें। हालांकि हम एक बार फिर कपड़े पर पिन लगा देंगे ताकि काटते समय आसानी हो क्योंकि कॉलर के दोनों टुकड़ों का एक आकार का होना महत्वपूर्ण है। अब हम कैंची से पीस काट लेंगे। काटने के बाद पीस को एक तरफ रख दें।





बचे हुए कपड़े को अभी नही फेंके, इसके ऊपर जैकेट के जेब का टेम्प्लेट रखें और पिन लगा दें। चॉक से टेम्पलेट के अनुसार निशान लगा लें। फिर टेम्प्लेट से पिन निकालें और एक तरफ रख दें। पीस काट लें।




संक्षेप में, हमने दो मुख्य बाएं और दाएं पीस काटे हैं, इसके बाद फ्रंट का दूसरा पीस, कॉलर के दो पीस और एक जेब। हमारे पास बैक का पीस भी तैयार है।









अब अस्तर का कपड़ा लें और इसे पूरी तरह से खोलें। यह उल्टा हिस्सा होगा और यह सीधा। उलटी साइड पर उस टेम्प्लेट को रखें जिस पर फ्रंट लाइनिंग बायां और दायां लिखा हो, इसके बाद जैकेट के जेब का टेम्प्लेट रखें। हम बिलकुल पहले वाली प्रक्रिया को दोहराएंगे। इन टेम्प्लेट को कपड़े पर रख के बीडेड पिन लगा दें। पूरे टेम्पलेट पर पिन लगाएं क्योंकि यह सुनिश्चित करेगा कि निशान लगाते समय कपड़ा स्थिर रहे। पिन लगाने के बाद कपड़े पर टेम्पलेट के अनुसार निशान लगा लें। फ्रंट लाइनिंग बाएं वाले टेम्प्लेट से शुरू करें और अन्य सभी टेम्प्लेट का निशान लगाएं। घुमावदार किनारों के चारो ओर निशान लगाते समय हांथो को स्थिर रखें। निशान लगाने के बाद टेम्प्लेट से पिन निकालें और इसे एक तरफ रख दें।










अब निशान लगाई गई रेखाओं के अनुसार काटें। इस चरण को धीरे-धीरे और स्थिरता से करें क्योंकि आकार और नाप सही होना महत्वपूर्ण है। तीनो पीस काटने के बाद, कपड़े को ऐसे पलटें कि इसका सीधा हिस्सा आपकी तरफ हो ओर इसे ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार फोल्ड करें। बैक के टेम्पलेट को फोल्ड किये हुए साइड पर रखें। सुनिश्चित करें कि आप उस साइड को कपड़े के फोल्ड पर सही से रखें जिस पर ऑन-फोल्ड लिखा है। फिर टेम्पलेट पर कुछ बीडेड पिन लगा दें। फिर चॉक से टेम्पलेट के अनुसार निशान लगाएं। निशान लगाने के बाद, पहले की ही तरह टेम्प्लेट से पिन निकालें और इसे एक तरफ रख दें। आप काटते समय स्थिरता के लिए कपड़े पर फिर से पिन लगा सकते हैं। फिर कैंची से लगाए हुए निशान के अनुसार काट लें।





संक्षेप मे, हमने अस्तर के कपड़े से फ्रंट का बायां, फ्रंट का दायां, बैक और जैकेट के जेब के पीस काटे है। इन पीसों को एक तरफ रख दें।







इसके बाद फ़्यूज़िंग का कपड़ा लें और इसे आधे मे फोल्ड करें। जिस टेम्पलेट पर कॉलर लिखा है उसे कपड़े के ऊपर रखें और निशान लगा लें। निशान लगाने के बाद कैंची से ये पीस काट लें। हमने पहला चरण पूरा कर लिया है।

## चरण 2: जेब तैयार करना और इसे फ्रंट के कपड़े से जोड़ना





जैकेट की जेब के दो पीस, मुख्य कपड़ा और अस्तर का कपड़ा लें। इन दोनो कपड़ों को संरेखित करें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है, और इसके ऊपरी हिस्से पर पिन लगा दें। अब हम इन्हें एक साथ सिलेंगे।




पिन लगाए गए कपड़े को अपने उषा वंडर स्टिच प्लस पर ले जाएं और जैकेट की जेब के ऊपरी किनारे को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और सुनिश्चित करें कि आपका पैटर्न स्टिच सिलेक्टर A पर सेट हो जो सीधी सिलाई के लिए है और स्टिच लेंथ डायल 2.5 पर सेट हो। और सिलना शुरू करें। दूसरे छोर तक सिलने के बाद प्रेसर फुट को उठाएं, धागा काटें और पिन को निकाल दें। बेहतर फिनिश के लिए किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें।






आप देख सकते हैं हमने जैकेट की जेब से ऊपरी सिरे को सिल दिया है। अब जेब खोलें और इसे उलटी साइड फोल्ड करें जैसा ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। साइड मे सब जगह एक-चौथाई इंच का मार्जिन छोड़ना याद रखें। फोल्ड को सेट करने और सिलाई मे आसानी के लिए हमे जैकेट की जेब पर इस्त्री करना होगा। इसे पीछे की तरफ फिर से फोल्ड करने से पहले एक बार इस पर सब तरफ इस्त्री कर लें। पहले की तरह साइड मे सब जगह एक-चौथाई इंच का मार्जिन छोड़ना याद रखें। कोने पर आसानी से इस्त्री करने के लिए कपड़े पर नॉच बना लें।






जेब के किनारों को अस्तर के ऊपर फोल्ड करें और स्लेशिंग करने के बाद फोल्ड पर इस्त्री करें। चोट से बचने के लिए इस्त्री करते समय अपने हांथो का ध्यान रखें। फोल्ड करते रहें और इस पर इस्त्री करते रहें। दबाने के बाद आराम से जैकेट की जेब को एक तरफ रख दें और फ्रंट के बाएं साइड के कपड़े को लें। इसका सीधा हिस्सा ऊपर कर के बिछा लें और ऊपरी हिस्से से 10 इंच नापें और निशान लगा लें। 10 इंच के निशान के नीचे इस्त्री किये हिये जैकेट की जेब को रखें। सुनिश्चित करें कि यह सीधा रखा हो और टेढ़ा-मेढ़ा न हो और यह दायीं और बाईं साइड के बीच मे हो। इसमें सभी तरफ पिन लगा दें। हम ऊपरी हिस्से को छोड़ के किनारों को सिल देंगे।






जैकेट की जेब के किनारे को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें और जब आप किनारे पर पहुंचें तो पिवट तकनीक का उपयोग करें, जिसमे आप सुई को उठाए बिना कपड़े को घुमाते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह पुरे मे एक सीधी सिलाई रहे। अंत में रिवर्स टांके लगाना न भूलें, इस से सीधे टांके मजबूत होंगे। अतिरिक्त धागा काट लें। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने जैकेट की जेब को मुख्य कपड़े से सिल दिया है।




## चरण 3: कंधों को सिल के फ्रंट और बैक के पीस को जोड़ना






अब अगले चरण के लिए दूसरे मुख्य फ्रंट के कपड़े को लें। बैक के कपड़े को फ्रंट के दोनो कपड़ों के ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। कंधों को ठीक से संरेखित करें और पिन लगा दें। दोनों साइड्स के लिए ऐसा ही करें। अब हम कंधे सिलेंगे।





पिन लगाए हुए कपड़ों को अपनी उषा वंडर स्टिच प्लस सिलाई मशीन पर ले जाएं और कंधे को प्रेसर फुट के किनारे के साथ संरेखित करने के बाद सिलना शुरू करें। धीरे-धीरे आखिर तक सिलें। आखिर में रिवर्स टांके लगाना न भूलें। एक तरफ सिलने के बाद दूसरे कंधे को भी सिलें। आपके सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।

## चरण 4: अस्तर का कपड़ा तैयार करना




अब हम अस्तर के कपड़े पर काम करेंगे। फ्रंट के अस्तर के पीस लें, इसके साथ दूसरे फ्रंट के पीस भी लें जिन्हें हमने मुख्य कपड़े से काटा था। इन्हें ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार बिछाएं। अब मुख्य कपड़े को अस्तर के कपड़े के ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो, और इनमें पिन लगा दें। दूसरे साइड के लिए भी ऐसा ही करें।






अब हम किनारे पर सीधी सिलाई कर के इन्हें एक साथ सिलेंगे। पिन लगाए हुए कपड़े को प्रेसर फुट के किनारे पर संरेखित करें और सिलना शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। आखिर तक सिल के रुकें और किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें। इस पीस को एक तरफ रख दें और दूसरे पीस पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। सुनिश्चित करें कि आप सीधी सिलाई करने पर हर बार शुरुआत और अंत में रिवर्स टांके लगाएं क्योंकि इससे टांके मजबूत होते हैं। ये करने के बाद अतिरिक्त धागा काट लें। सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।






जैसा कि आप देख सकते हैं हमने अस्तर और मुख्य कपड़े को एक साथ सिल दिया है। अब फोल्ड को खोलें और इसके ऊपर इस्त्री करें क्योंकि इससे फोल्ड को सेट करने और टांको को सेटल करने मे मदद मिलेगी। दोनो कपड़ो पर इस्त्री करें।

इस्त्री किये हुए कपड़े लें और इनका सीधा हिस्सा ऊपर कर के रख दें। अब इनके ऊपर बैक का अस्तर का पीस रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो।






दोनों कंधों को मिलाएं और पिन लगा दें। आइए अब पिन लगाए हुए हिस्से पर सिलते हैं। पिन निकालें और कंधे को प्रेसर फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। सिलने के बाद, दूसरी तरफ भी ऐसा ही करें। आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।

## चरण 5: अस्तर के कपड़े को मुख्य कपड़े से जोड़ना








कंधों को सिलने के बाद अस्तर के कपड़े को एक तरफ रख दें और मुख्य कपड़ा लें। इसे पूरी तरह से खोलें, इसका सीधा हिस्सा आपकी ओर हो, और इसके ऊपर अस्तर का कपड़ा रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। हम अस्तर के कपड़े को मुख्य कपड़े से जोड़ने के लिए आर्महोल और साइड मे सिलेंगे। इन्हें जोड़ने के बाद हम साइड सीम को सिलेंगे। हालाँकि इससे पहले नीचे से दोनों तरफ 3.5 इंच का निशान लगाएं जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। ये करने की वजह हम आपको ट्यूटोरियल में बाद में बताएंगे।











सबसे पहले हम अस्तर और मुख्य कपड़े को जोड़ेंगे। अब कपड़ों को अपने उषा वंडर स्टिच प्लस पर ले जाएं। हम बताए अनुसार कपड़ो को नेकलाइन के एक्सटेंशंन से एक साथ सिलना शुरू करेंगे। नेकलाइन के एक्सटेंशंन से शुरू करें, किनारों पर पिवट तकनीक का उपयोग करें और सिलना जारी रखें। फिर जैकेट के खुले वाले हिस्से को सिलें और धीरे-धीरे नीचे तक सिलते रहें जब तक आप साइड के 3.5 इंच के निशान तक न पहुंच जाएं और फिर रुक जाएं। अब दूसरी तरफ भी यही प्रक्रिया दोहराएं। हम नेकलाइन के 1 इंच के चारो तरफ सिलेंगे और फिर बताए अनुसार जैकेट के खुले वाले हिस्से तक सिलते रहेंगे। नेकलाइन से शुरू करें और धीरे-धीरे और स्थिर रूप से नीचे की ओर जैकेट के खुले वाले हिस्से, निचले हिस्से और फिर साइड मे सिलेंगे, 3.5-इंच के निशान तक सिलने के बाद रुक जाएं।







अब हम बैक पर काम करेंगे। कपड़े को फोल्ड करें ताकि आप बैक पर भी 3.5 इंच का निशान बना सकें। इसे बाएं और दाएं दोनों तरफ करें। ये करने के बाद हम लगाए हुए निशान से नीचे की रेखा तक और फिर दूसरे साइड मे लगाए गए निशान तक सिलेंगे। हम एक सीधी सिलाई के लिए पिवट तकनीक का उपयोग करेंगे। ये करने के बाद सभी अतिरिक्त धागे काट लें।





सूची में अगला नंबर आर्महोल को सिलना है। केवल आर्महोल को जोड़ें और आर्महोल के अंत मे खुले हुए हिस्से को 3.5 इंच के निशान तक ऐसे ही छोड़ दें। दूसरी तरफ भी ऐसा ही करें। ये करने के बाद हम कपड़े के गोलाकार एरिया जैसे आर्महोल और निचले हेम हेम पर  नॉच बनाएंगे जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। यह सुनिश्चित करता है कि पहनने के बाद कपड़ा अच्छी तरह से फिट बैठे। आर्महोल से शुरू करें और फिर निचले हेम तक करें। दिखाए अनुसार नेकलाइन पर भी स्लैश करें और कॉर्नर अलाउंस को ट्रिम करें। दूसरी तरफ भी ऐसा ही करें। आर्महोल और निचले हेम पर नॉच बनाएं। दिखाए अनुसार नेकलाइन पर भी स्लैश करें और कॉर्नर अलाउंस को ट्रिम करें।








## चरण 6: साइड सीम को फिनिश करना

अब हम साइड सीम पर काम करेंगे। हम फ्रंट साइड सीम और बैक साइड सीम को एक साथ सिलेंगे। लेकिन सुनिश्चित करें कि आप सिर्फ मुख्य कपड़े पर ही काम करें। दो कपड़ों को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। स्लिट से आर्महोल की ओर सिलना शुरू करें। जब आप आर्महोल के नजदीक तक सिलें तो सुनिश्चित करें कि वे सही से संरेखित हैं और इसके ऊपर सिलते रहें। अब हम एक लगातार सिलाई से अस्तर के कपड़े को सिलेंगे। फ्रंट और बैक के अस्तर के पीस को एक साथ जोड़ें। स्लिट से लगभग 5 इंच पहले तक सिलते रहें। टांको को लॉक करें और धागा काट लें। हम अस्तर को ऐसे ही छोड़ देंगे और मुख्य कपड़े के अंत तक सिलेंगे। केवल मुख्य कपड़े पर सिलाई करें और फिर अस्तर के कपड़े पर सिलें।




सिलने के बाद धागा काट लें। जैसा कि आप देख सकते हैं कि हमने साइड सीम के अस्तर वाले हिस्से को खुला छोड़ दिया है। इसे बाद में हाथ से हेम करना होगा। हम दूसरी साइड सीम पर भी सिलाई की ठीक इसी प्रक्रिया को दोहराएंगे।




आपके सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए। हम सभी फोल्ड पर इस्त्री करेंगे। नीचे से शुरू करें और जैकेट के खुले हिस्से तक इस्त्री करें। इस्त्री करते समय फोल्ड को एडजस्ट करते रहें ताकि फोल्ड साफ़ दिखें। आर्महोल के ऊपर इस्त्री करना न भूलें। यह एक महत्वपूर्ण चरण है क्योंकि यह हमारे कपड़े को एक बेहतर फिनिश देगा। हमने फ्रंट फोल्ड, निचले हिस्से, आर्महोल और साइड सीम को इस्त्री कर लिया है।






## चरण 7: कॉलर तैयार करना और इसे जोड़ना




अंतिम चरण के लिए हम कॉलर को जोड़ेंगे। कपड़े को एक तरफ रख दें और कॉलर के टुकड़े लें। आपके पास मुख्य कपड़े के दो टुकड़े और फ्यूज़िंग कपड़े के दो टुकड़े होने चाहिए। मुख्य कपड़े के कॉलर के पीसों में से एक को मोड़ें और फ़्यूज़िंग के कपड़े को उसके ऊपर रखें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। फिर इन दोनों कपड़ों को इस्त्री करने के बोर्ड पर रखें और इन दोनों पीस को जोड़ने के लिए अपनी उषा की इस्त्री से मुख्य कपड़े पर धीरे-धीरे फ्यूज़िंग के कपड़े को दबाएं। इसके बाद इसके ऊपर दूसरे फ़्यूज़िंग का कपड़ा रखें और एक बार फिर इन्हें एक साथ दबाएं।






ये करने के बाद कॉलर के पीस को पलटें ताकि सीधा हिस्सा आपकी ओर हो और दूसरे मुख्य कपड़े के टुकड़े को इसके ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। हम साइड और ऊपरी भाग को सिलेंगे।















कॉलर के पीस को अपने उषा वंडर स्टिच प्लस पर ले जाएं और सिलना शुरू करें। सुनिश्चित करें कि आप पिवट तकनीक का उपयोग करके तीनों साइड के सब तरफ एक सीधी सिलाई करें। सिलने के बाद अतिरिक्त धागा काट लें। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने इन तीनों साइड्स को सिल लिया है। अब सीम अलाउंस को फोल्ड करें और और इसके ऊपर इस्त्री करें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। ऐसा एक बार मे एक तरफ करें। ये करने के बाद, कॉलर को अंदर से बाहर की ओर मोड़ें और इस पर एक बार फिर से इस्त्री करें। हमने  अपना कॉलर तैयार कर लिया है, अब इसे नेहरू जैकेट से जोड़ने का समय है।







मुख्य कपड़ा लें। कॉलर के कपड़े के बिना सिले हुए भाग को अंदर से नेकलाइन पर पिन करें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। सुनिश्चित करें कि आप इसे मुख्य और अस्तर के कपड़े दोनों पर पिन लगाएं। ये करने के बाद पिन लगाए गए पीस को अपनी उषा मशीन पर ले जाएं और सिलना शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें और धीरे-धीरे कॉलर के चारों ओर सिलें।





सिलने के बाद हम कॉलर के बिना सिले हुए हिस्से पर हाथ से हेम करेंगे। निचले अंदर के सीम अलाउंस को फोल्ड करें और ऊपरी हिस्से वाले को इसके ऊपर रखें और इसे अंदर की तरफ फोल्ड करें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। यह एक मुश्किल चरण है, इसे पुरे ध्यान से करें। अब हम फोल्ड के ऊपर सिलाई करेंगे। पूरे कॉलर को सिलते समय सीम अलाउंस को फोल्ड करते रहें। आपके द्वारा किया गया काम तरह दिखना चाहिए।




हमने लगभग सिल लिया हैं! फिनिशिंग टच देने के लिए, साइड सीम को हेम करें जिसे हमने बाद के लिए छोड़ा था। अस्तर के कपड़ों को एक साथ जोड़ें और इनके ऊपर सिलाई करें। ऐसा दोनों तरफ करें। ये करने के बाद किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें और अपने काम की जांच करें।

और हमने कर लिया! आप अपनी पसंद के अनुसार नेहरू जैकेट को सजा सकते हैं। हमने एक मैचिंग एक्सेसरी और एक चमकीले रंग का पॉकेट स्क्वायर जोड़ा है। क्या यह बहुत स्टाइलिश नही दिख रहा? शादी के सीजन के लिए यह एक आदर्श ड्रेस है। कमेंट सेक्शन मे हमे बताएं कि आप इसके अलावा क्या देखना चाहते हैं, और इस ट्यूटोरियल को लाइक करना और अपने सिलाई करने वाले दोस्तो के साथ शेयर करना न भूलें।